## खबर संक्षेप

### 9 मई को प्रभावित होगी जलापूर्ति

**छिंदवाड़ा।** 9 मई सुबह 10 बजे से सायं 06 बजे तक जम्हूडी पांडा रॉ वाटर कैनाल का गहरीकरण प्रस्तावित है। जिससे धर्मटेकरी वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट बन्द रहेगा। उपरोक्त समय मे शिक्षक कॉलोनी, ढिमरीढाना सारसवाड़ा, खापाभाट ,कूकड़ा जगत, सर्वोत्तम नगर क्षेत्र लहगडुआ, सोनाखार, बोहता, कुसमेली, अजनिया, परतला पोआमा, बोरिया,शिवनगर खान कॉलोनी, मधुबन कॉलोनी, सोनपुर, सिवनी प्राणमोती सहित वार्ड 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 16, 22, 24 एवं 48 की पेयजलापूर्ति प्रभावित होगी।

### 12 वीं में फेल हुई छात्रा ने डिप्रेशन में लगाया फंदा

**पांढुर्ना।** कल शाम विकासखंड पांढुर्ना के ग्राम हिवरा सेनाडवार निवासी एक अवयस्क युवती ने अपने ही घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। परिवार के सभी सदस्य शादी समारोह में शामिल होने बाहर गए थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह नाबालिग छात्रा स्थानीय नगरपालिका स्कूल में कक्षा 12 में बायोलॉजी विषय में पढती थी। कल निकले परीक्षाफल के अनुसार युवती अंग्रेजी, भौतिकी और रसायन विषय में फेल हो गई। इसके बाद युवती जब घर गई तो घर में कोई नहीं था परिवारजन शादी समारोह में गए थे।

### दीवार लेखन के माध्यम दिया जल संरक्षण का संदेश

**छिंदवाड़ा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के आह्वान पर कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन के मार्गदर्शन एवं विकासखंड समन्वयक श्रीमती ललिता कुशरे के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून 2025 के अंतर्गत विकासखंड चौरई के ग्राम नवेगांव में परामर्शदाता श्रीमती संगीता पांडेय व ग्रामीणों के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत दीवार लेखन के माध्यम से जल को संरक्षित करने का संदेश दिया।

## नेता पुत्र और रेत व्यवसाईयों में विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है कार्रवाई को

# भूराभगत की नदी में रेत भरते खनिज निरीक्षक ने पकड़े तीन ट्रैक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तामिया



तामिया तहसील में रेत चोरी का सिलसिला जारी है क्योंकि रेत जो सोना बन चुकी है और मनमाने तरीके से इसमें अवैध कमाई है। इस कारण हर राजनेता एवं अधिकारी, कर्मचारी अघोषित रूप से रेत व्यवसाय में शामिल हैं। भाजपा कांग्रेस के नेता के बीच में राजनैतिक गठजोड़ बना हुआ है जिससे रेत चोरी करने में आसानी हो रही है और शिकवा शिकायत की चिंता नहीं है। लेकिन इन दिनों इस व्यवसाय में कई लोगों के जुड़ जाने से आपसी टकराव की भी घटनाएं सामने आने लगी हैं। ऐसी ही घटना पिछले कुछ दिनों पूर्व भूराभगत में कांग्रेस नेता के पुत्र एवं रेत बेचने वालों के बीच में विवाद के साथ-साथ मारपीट होने की भी चर्चा आम हुई है और यहीं से रेत चोरों के बीच में दरार पड़ गई और एक दूसरे के वाहन पकड़वाने के लिए शिकायत करने लगे। ऐसा ही पिछले दिनों सीएम हेल्पलाइन में भूराभगत क्षेत्र में हो रही रेत चोरी की शिकायत हुई। जिस पर मुखबिर की सूचना पर बुधवार को दोपहर को खानिज निरीक्षक ने भूरा भगत में भरते तीन ट्रैक्टर नदी से पकड़े और उन्हें तामिया थाना परिसर में लाकर खड़ा किया गया। पकड़े गए वाहनों से सिद्ध हो गया कि भूरा भगत से लेकर कोयला आंचल तक रेत का अवैध कारोबार अधिकारियों की मिली भगत से फल फूल रहा है। आज की कार्रवाई ने सिद्ध कर दिया की रेत का अवैध व्यवसाय जमकर हो रहा है। सनद रहे कि रेत को लेकर आपसी विवाद भी होते हैं, लेकिन पुलिस इन विवादों को समझा-बुझाकर शांत कर दिया। प्रकरण बनाने से पुलिस की भी बदनामी होती कुआंबादला सर्कल में वनभूमि से रेत निकालने का विरोध करने पर रेत चोरों द्वारा वन विभाग के चौकीदार से मारपीट की थी जिसका प्रकरण भी तामिया थाने में दर्ज हुआ, लेकिन आज खानिज निरीक्षक द्वारा दिन में पकड़े गए रेत के ट्रैक्टरों से सिद्ध हो गया की रेत की चोरी वे खौफ हो रही है, वहीं इन रेत चोरों को वन विभाग पुलिस राजस्व का संरक्षण मिला हुआ है, उसी का नतीजा है कि दिन में भी रेत चोरी लगातार हो रही है।

## एसडीएम द्वारा जाति प्रमाण पत्र का प्रकरण निरस्त करने के बाद अब...

# पुन्हार का निर्वाचन रद्द कराने दायर हुई याचिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिन्दवाडा

जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुन्हार का जाति प्रमाण पत्र डिजिटल नहीं होने के कारण विभाग द्वारा फर्जी घोषणा के बाद शिकायतकर्ता मुकेश साईलवार द्वारा कमिश्नर कार्यालय में याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता द्वारा धारा 122 पंचायत राज्य अधिनियम आलोच के तहत दर्ज याचिका के निर्वाचन को रद्_द करने की मांग की गई है। याचिकर्ता ने याचिका में कहा है कि संजय पुन्हार के पिता जगनारायण पुन्हार वर्ष 1973 में डब्ल्यूसीएल में नौकरी करने परासिया आए थे इनके पिताजी की सेवा अभिलेख और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व परासिया से वर्ष 2005-06 में सिरगोरा ग्राम के निवासी होने संबंधी फर्जी जाति प्रमाण पत्र जारी करवाकर इसी आधार पर जिला पंचायत के क्षेत्र क्रमांक आठ से आरक्षित अनुसूचित जाति सीट से चुनाव लड़ा था और शपथ पत्र के साथ सारे दस्तावेज प्रस्तुत किए थे। परंतु बाद में इनके विरूद्ध शिकायत और जाति प्रमाण पत्र फर्जी होने की बात को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व परासिया द्वारा 9 अप्रैल 2025 को फर्जी जाति प्रमाण पत्र को डिजिटल बनाने के लिए जो आवेदन दिया गया था वह आवेदन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व परासिया के द्वारा पंजी में नहीं पाया गया जिससे इनका प्रकरण निरस्त कर दिया गया था। बस इसी आधार पर याचिकाकर्ता ने संजय पुन्हार के निर्वाचन को शून्य घोषित किए जाने की मांग की है।



जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुन्हार भी अपने जाति प्रमाण पत्र को लेकर जिला कलेक्टर से शिकायत करने तो पहुंचे थे परंतु अब कमिश्नर कार्यालय में याचिका दायर होने के बाद राजनीति महकमे में चर्चाओं का दौर गर्म है। कांग्रेसी पक्ष के पुन्हार लोकसभा चुनाव के पहले बीजेपी में शामिल होते होते चूक गए थे। इसलिए कांग्रेस खेमे में भी उन्हें बहुत ज्यादा तबज्जो नहीं दी जा रही है। ऐसे में फर्जी जाति प्रमाण पत्र के मामले में वे अलग सलग लड़ाई लड़ते नजर आ रहे है।

आने वाले समय में तय हो जाएगा कि जिला पंचायत अध्यक्ष का यह चुनाव शून्य घोषित होता है या फिर लंबी कानूनी लड़ाई के चलते बचते नजर आएंगे। अगर चुनाव शून्य घोषित होता है तो भी पुन्हार की परेशानियां कम नहीं होंगी। उन पर विभिन्न धाराओं के तहत पुलिसिया कार्रवाई भी की जा सकती है। आने वाला समय ही बताएगा कि जिला पंचायत अध्यक्ष के पद पर पदासीन श्री पुन्हार क्या जाति प्रमाण पत्र के मामले में शासन के शिकंजे में फंस गए है या फिर इससे निकलने के लिए कोई नया पैतरा खेलने के चक्कर में है। बहरहाल मामला नाजूक स्थिति में ही है। शिकायतकर्ता, याचिकाकर्ता ने जो साक्ष्य प्रस्तुत किए हैं वे चुनाव शून्य घोषित होने के लिए पर्याप्त है।

# पुलिस ने चोरी हुई बाइकें की बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा



थाना परासिया पुलिस द्वारा वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा हैं। इसी क्रम में थाना क्षेत्र के अंतर्गत चोरी गई एक मोटरसाइकिल को सफलतापूर्वक बरामद किया गया हैं।

5 मई को फरियादी सुनील कुमार बंदेवार निवासी ग्राम लिखावाडी (परासिया) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी होंडा साइन मोटरसाइकिल क्रमांक MP-28- MM- 9096 और अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई है। मामला अप. क्र. 125/25 धारा 303(2) BNS के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा अजय पांडे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) परासिया जितेंद्र जाट के निर्देशन में थाना प्रभारी परासिया श्रीमती जे.मसराम के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा मुखबिर की सूचना एवं संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ के आधार पर आरोपी सत्यम पिता सुनील विश्वकर्मा उम्र 22 साल निवासी घोडावाडी (दमुआ), अभिजीत पिता अरुण इंगले उम्र 24 वर्ष निवासी शिवानी चांदामेटा को पकड़ा गया और उसकी निशानदेही पर चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद किया गया। बरामदगी के दौरान मोटरसाइकिल की पहचान कर जप्ती कार्रवाई की गई आरोपी के विरुद्ध विधि अनुसार कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जाएगा 1

**गठित टीम** : उप निरीक्षक नरेंद्र कुमार तिवारी, रविंद्र ठाकुर, सहा.उपनिरी. रामकुमार धुर्वे, प्र.आर. श्याम ठाकरे, नदीम खान आर. विपिन पांडे शामिल रहे।

## 2 मृत कर्मी के आश्रित सदस्यों को अनुकंपा नियुक्ति के आदेश प्रदाय

**छिंदवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा आज कलेक्टर कार्यालय में शासकीय सेवा के दौरान मृत 02 कर्मियों के आश्रित सदस्यों को अनुकम्पा नियुक्ति के आदेश प्रदाय किए गए। यह अनुकम्पा नियुक्ति श्रीमती अमृता गाजलवार पति स्व.श्री विजयकांत गाजलवार, वार्ड नंबर-33 भूषणवाड़ी, सुभाष कॉलोनी जिला छिंदवाड़ा को सहायक ग्रेड-3 के रिक्त पद पर शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय खिरसाडोह में और श्री सनत कुडोपा पिता स्व.श्री प्रतिभानसाशाह कुडोपा मुकाम मोयाकुही पोस्ट लोटिया, तहसील हर्रई को सहायक ग्रेड-3 के रिक्त पद पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में प्रदाय की गई है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री अजय पांडे भी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा यह अनुकम्पा नियुक्ति जिला कार्यालय छिन्दवाड़ा के अधीन शासकीय सेवा के दौरान मृतकर्मी के आश्रित सदस्य के अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की।

## शोकाकुल परिवारों से मिले सांसद बंटी विवेक साहू

**छिंदवाड़ा।** दिल्ली प्रवास से लौटते ही सांसद बंटी विवेक साहू शहर में विगत दिनों दिवगंत हुए लोगों के घर पहुंचे और शोकाकुल परिवारों से मुलाकात करते हुए सांत्वना दी। सांसद श्री साहू बुधवार को सुबह नगर भाजयुमो महामंत्री राहुल पाल के ज्येष्ठ भ्राता रोहित पाल के आकस्मिक निधन के पश्चात परिजनों से मिलने उनके सुकलुढाना वॉर्ड क्रमांक 21 स्थित उनके निवास पर पहुंचे। संवेदनशील सांसद श्री साहू ने स्वर्गीय रोहित पाल के निधन पर गहरा दुःख जताया और उन्हें संबल प्रदान करने परम पिता परमेश्वर से दिवंगत रोहित पाल की शांति के लिए प्रार्थना की।

## एफ.डी.डी.आई. फैशन शो में दिखा डिजाइन का जादू



**छिंदवाड़ा।** एफ.डी.डी.आई. छिंदवाड़ा द्वारा बुधवार को भव्य स्तर पर आयोजित ग्रेजुएशन फैशन शो 'फिस्ट-ए-फैशन 2025' में विद्यार्थियों की रचनात्मकता और डिज़ाइन कौशल ने दर्शकों को आकर्षित किया। फैशन डिज़ाइन विभाग के अंतिम सेमेस्टर के छात्रों द्वारा डिजाइन किए गए परिधानों को पेशेवर मॉडलों ने मंच पर प्रस्तुत किया, जिससे कार्यक्रम में मौजूदा अतिथि एवं नगरवासी प्रभावित हुए बिना नहीं रह सके।कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के सभागृह में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एफ.डी.डी.आई. के प्रबंध निदेशक विवेक शर्मा, सचिव कर्नल पंकज सिन्हा, जनजातीय विभाग से सहायक संचालक श्री सातनकर एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।संस्थान प्रमुख अरित्रा दास, फुटवियर विभाग के प्रमुख डॉ. पंकज दुबे और फैशन डिज़ाइन विभाग की अध्यक्ष सुश्री श्रद्धा झलोया ने जानकारी दी कि यह शो फैशन डिज़ाइन पाठ्यक्रम के हिस्से के रूप में विद्यार्थियों को व्यावसायिक मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करता है। इस वर्ष की थीम्स में साइलेंस एंड साउंड, एंटोमो-ह्यूमन फ्यूज़न, अनोखी विरासत, मुगल मिनिएचर, और अवस्था शामिल रहीं।ज्यूरी द्वारा डिजाइनों का मूल्यांकन तीन श्रेणियों – बेस्ट कमर्शियल कलेक्शन, बेस्ट कस्ट्यूम कलेक्शन और बेस्ट क्रिएटिव कलेक्शन – में किया गया।कार्यक्रम की सफलता में एफ.डी.डी.आई. छिंदवाड़ा के समस्त स्टाफ का योगदान सराहनीय रहा। प्रशासन प्रभारी प्रशांत कुमार सक्सेना ने सफल आयोजन हेतु आगंतुकों, नगरवासियों और समर्पित टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

## शनिचरा बाजार में निगम अमले ने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश के आदेश पर नगर निगम सहायक आयुक्त मीना कोरी के निर्देशानुसार बुधवार को शनिचरा बाजार में नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते ने कड़ी कार्यवाही की। इस कार्यवाही में अतिक्रमण दल ने दुकानों के बाहर सड़क पर सामान को बड़ी मात्रा में जप्त किया। इसके



बाद अतिक्रमण दल उपयत्री शशांक इनवाती एवं दिलीप सिंह ने 20 दुकानदारों पर 5600/- रुपए की जुर्माना राशि वसूल कर दुकानदारों को पुनः सड़क पर सामान न रखने की हिदायत देते हुए सामना वापस किया। इस कार्यवाही में अवधेश चौरसिया, लोकेश भंडारे, राम बघेल, गणेश तिवारी , राजेश गोहिया एवं गोविंद चौहान सहित अतिक्रमण दल के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# कन्हान नदी उद्गम स्थल पहुंचे पंचायत मंत्री पटेल

## छींद से बने पारंपरिक मुकुट-माला पहनाकर तामिया में हुआ आत्मीय स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

जल गंगा संवर्धन अभियान के दूसरे माह में जुन्नारदेव के ग्राम भालेआम में कन्हान नदी के उद्गम स्थल पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के साथ सांसद बंटी विवेक साहू प्रमुख रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत में जैसे ही अतिथिगण गांव पहुंचे तो ग्रामीणों द्वारा उनका ग्रामीण रीति रिवाज से स्वागत किया गया। इस दौरान मंत्री श्री पटेल एवं सांसद श्री साहू द्वारा कन्हान नदी के उद्गम स्थल पर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान का दूसरा माह चल रहा है जिसके तहत 15वें उदगम स्थल में मेरा आना हुआ। पानी के बगैर जीवन नहीं है इसलिए समुदाय पानी की कीमत समझता है लेकिन मैं जल गंदा होने से चिंतित हूँ। आधुनिक जीवन शैली से पानी के दुरुपयोग को रोकने की जरूरत है। प्रत्येक ग्रामीण को 55 लीटर प्रति व्यक्ति पानी उपलब्ध कराना सरकार का उद्देश्य है। मध्य प्रदेश नदियों का मायका है, नर्मदा और गोदावरी जैसी अन्य नदियों का पानी बिहार से गुजरात तक जाता है। जल संवर्धन के प्रति हमें गंभीर प्रयास करना होगा। बारहमासी छोटी नदियां बड़ी नदियों की जान हैं, इन्हें बचाना होगा। मंत्री श्री पटेल के विश्रामगृह तामिया पहुंचने पर छिंदवाड़ा की पारंपरिक सांस्कृतिक परंपरा को सजीव करते हुए जिले के जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीयवासियों ने छींद के पत्तों से बने मुकुट और माला पहनाकर उनका आत्मीय स्वागत अभिनन्दन किया।

इस अवसर पर छिंदवाड़ा भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, महापौर विक्रम अहके, पूर्व विधायक नथनशाह कवरेती, श्रीमती गरिमा दामोदर, परासिया नगरपालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय, चौरई के भाजपा प्रभारी लखन वर्मा, राजू नरोटे,अनिल राय, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गरीमा दामोदर, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष रिजवान कुरैशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित पोफली सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधिगण,कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक अजय पांडे व जिला पंचायत सीईओ अग्रिम कुमार और पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**छिन्दवाड़ा-3 जिला-छिन्दवाड़ा (म.प्र.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.-0785/अ-6/2023-24
मौजा-घाटपरासिया

ऐतद्द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रजनी काकोडिया पति अजीत सिंह निवासी सिंगानामा तहसील पिपरिया जिला नर्मदापुरम के द्वारा मौजा-घाटपरासिया स्थित भूमि खसरा नबंर 9/1, 9/2, 11/2, 10 रकबा कमशः 0.493, 0.493, 0.425, 0.882 हे० भूमि पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर केता अजीतसिंह ठाकुर पिता सद्दलसिंह ठाकुर जाति गोंड के द्वारा विक्रेता से क्रय कि गई है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त भूमि में अपना हित रखते हों तो अपनी आपत्ति नियत दिनांक 20/05/2025 अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वयं या आपने मान्य अभिकर्ता / अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि गत हो जाने के उपरांत प्राप्त दावे / आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/05/2025 को इश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा के अधीन जारी।

तहसीलदार
छिंदवाड़ा




धमनिया में चार मई से धार्मिक अनुष्ठान कर की गई प्रतिभाएं स्थापित

# भूराभगत जयंती पर स्थापित हुई देवी-देवताओं की प्रतिमाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

जनपद पंचायत की सुदूर ग्राम पंचायत धमनिया में संत शिरोमणि भूराभगत जयंती बड़े धूम - धाम से मनाई गई। जयंती के अवसर पर ग्राम के मुख्य स्थल पर संत शिरोमणि भूराभगत सहित अन्य देवी - देवताओं की प्रतिमाएं पूरे विधि विधान से स्थापित की गई।ग्राम पंचायत धमनिया में 4 मई रविवार से धार्मिक अनुष्ठान आयोजित कर भगवान राम लला , शिव परिवार , हनुमानजी , सरस्वती और संत शिरोमणि भूरा भगत की प्रतिमाएं स्थापित की गई। इस धार्मिक आयोजन का समापन 6 मई मंगलवार को हुआ। समापन के दिन परासिया विधायक सोहन वाल्मीकि , पिपरिया विधायक ठाकुर दास नागवंशी , एस सी आयोग सदस्य गूरू चरण खरे , ममता नागवंशी , संरक्षक अमीरचंद बेलवंशी , ओमकार मेहंगिया ( समाज सेवी ) , सालिगराम बेलवंशी अध्यक्ष हरई , मोहन बेलवंशी ( सचिव ) , समाज के छिद्दी लाल सिगोतिया , राकेश नागेश , सुखनंदन , सनद बेलवंशी सरपंच , ( चौरई ब्लाक ) , कृष्णा नागवंशी , कृपाल शाह मर्सकोले जनपद सदस्य , मानक बेलवंशी ( उमरेठ ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष ) मुख्य रूप से मौजूद रहे। यह धार्मिक कार्यक्रम जनपद अध्यक्ष आशा आम्रवंशी , जिला युवा कतिया समाज अध्यक्ष अशोक आम्रवंशी , जय शक्ति कतिया समाज समीति के द्वारा संपन्न कराया गया। इस कार्यक्रम में शिवकुमार सालवंशी ने भंडारा प्रसाद में फल एवं सब्जी देकर सहयोग किया गया। वहीं समीति के नंदकिशोर ग्वालवंशी ( अध्यक्ष ) , टीकाराम बारसिया ( सचिव ) , अतरलाल लांजीवार ( उपाध्यक्ष ) , शक्कर ग्वालवंशी ( संरक्षक ) , कमलसिंह , अक्षय महलवंशी , मेहतम नागवंशी , कलशराम , छबिलाल , भोजलाल , हजारी , अरविन्द आम्रवंशी सहित

## कन्हान नदी के उद्गम स्थल पहुंचकर मंत्री प्रहलाद पटेल ने की पूजा-अर्चना

**छिन्दवाड़ा।** मध्य प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम विभाग के मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल बुधवार को छिंदवाड़ा प्रवास के दौरान जनपद पंचायत जुन्नारदेव की ग्राम पंचायत इकलासामी के ग्राम भालेआम पहुंचे। यहां उन्होंने कन्हान नदी के उद्गम स्थल का पूजन कर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनसभा को संबोधित किया। ग्राम में पहुंचते ही ग्रामीणों द्वारा पारंपरिक अंदाज में उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इसके पश्चात मंत्री श्री पटेल दुर्गम रास्तों से होते हुए कन्हान नदी के उद्गम स्थल तक पहुंचे और वहां विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके बाद आमसभा को संबोधित करते हुये उन्होंने बताया कि यह 15वां नदी उद्गम स्थल है, जहां वे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पहुंचे हैं। उन्होंने आगे कहा कि कन्हान नदी को बारहमासी नदी के रूप में विकसित किया जा सकता है। अभी भी इसके उद्गम स्थल पर 12 फीट गहरा जल उपलब्ध है, जो यह दर्शाता है कि यदि हम प्रयास करें तो यह नदी पूरे वर्ष बह सकती है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि वे उद्गम स्थल पर पौधारोपण भी करें। सभा को संबोधित करते हुए मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जो भी व्यक्ति ऐसे पवित्र स्थलों तक पहुंचता है, उसे एक अलग प्रकार की ऊर्जा प्राप्त होती है। जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि जब किसी आदिवासी ग्राम में झरने का पानी सूख जाता है, तो वहां के ग्रामीण तुरंत चिंता में आ जाते हैं, लेकिन पढ़े-लिखे लोग नदियों के सूखने को भी गंभीरता से नहीं लेते। मंत्री श्री पटेल ने सभी से जल स्रोतों के संरक्षण की अपील करते हुए कहा कि जल का संरक्षण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सबका कर्तव्य है।

## शासकीय एकीकृत उमावि मोरकुंड का दसवीं और बारहवीं का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

ग्रामीण अंचल की संस्था में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं का 100% रिजल्ट लाकर शासकीय एकीकृत उमावि मोर कुंड ने अपना उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम दिया। संस्था के प्राचार्य मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यालय में आसपास के लगभग 08 गांव के छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं एवं संस्था में 100% छात्र आरक्षित वर्ग से आते हैं जिनका मुख्य व्यवसाय कृषि या मजदूरी ही हैं सीमित संसाधनों में अपनी इच्छा शक्ति के द्वारा इन छात्रों ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है कक्षा 10वीं में शिवम उईके 89% अंशु साहू 86% पलक पवार 85% गौतम का हर 85% एवं कक्षा 12वीं विज्ञान में हर्षिका विश्वकर्मा 77% एवं बिंदू डेहरिया 75% अंक प्राप्त कर अपनी संस्था एवं अपने गांव का नाम रोशन कियासंस्था के शिक्षक मनीराम कुशराम ,सुनील चौधरी, श्रीमती ममता पटेल ,श्रीमती चंद्रकांता कुमरे, दुर्गेश चापले , अश्विनी बरहैया, अनुराग शर्मा ,राजेंद्र सनोदिया श्रीमती श्वेता साहू श्रीमती सरिता नेमा श्रीमती संध्या पाटिल मुकेश सेन पूनम यादव त्रिवेणी साहू ,ज्योतिका श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

## आस्था ने 94.20 % अंकों से पास की दसवीं





हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

रावनवाड़ा खास 11 / 12 में रहने वाली आस्था पिता सरबजीत गुप्ता ने कक्षा दसवीं 94.20 % अंको से पास कर क्षेत्र और स्कूल का नाम रोशन किया है। आस्था सी एम राईज स्कूल की छात्रा है। वहीं रिदम जायसवाल पिता राहुल जायसवाल ने 10 वीं क्लास में 500 में से 429 अंक प्राप्त कर 85.8% बनाए हैं।रिदम हैप्पी किड्स पब्लिक स्कूल के छात्र हैं।अपनी इस उपलब्धि का श्रेय रिदम ने अपनी दादी रजनी जायसवाल पिता राहुल जायसवाल माता रोशनी जायसवाल एवं स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं को दिया है। इसी तरह दीघावानी शासकीय हाई स्कूल की छात्रा महिमा पिता राजकुमार यादव ने 94.40% और निकिता पिता रघुनाथ यदुवंशी ने 91.81% अंक प्राप्त कर दसवीं कक्षा पास कर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

## श्री कृष्ण की बाल नटखटी लीलाओं का किया बखान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर की समीपस्थ ग्राम पंचायत खापास्वामी के ग्राम भुतहा छावड़ी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन भागवत आचार्य पंडित रोहितानंद शास्त्री द्वारा भगवान श्री कृष्ण नटखट बाल लीलाओं का बखान किया गया। बाल लीला में माखन चोरी की लीला का बखान करते हुए बताया गया कि श्री कृष्ण को माखन अत्यंत प्रिय था और वह अपने मित्रों के साथ पूरे गोकुल में टोली बनाकर गोपियों के घर से माखन की चोरी किया करते थे जहां पकड़े जाने पर गोपिया उनसे खूब टिंटोलिया करती थी और नृत्य भी करवाती थी भगवान श्री कृष्ण की इन लीलाओं को देखने के लिए गोकुलवासी गोपिया अपने घरों में खुद माखन रखकर चोरी का आनंद लेटी थी।

### गोवर्धन पर्वत को उठाकर किया इंद्र का अहंकार भंग

भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं में गोवर्धन पर्वत उठाने की लीला का प्रमुख महत्व है भगवान श्री कृष्ण ने इंद्र के अहंकार को भंग करने के लिए अपनी छिंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाया। इंद्र ने सभी तरह के यत्न करने के बाद भी गोकुल वासियों का बाल भी बांका नहीं कर पाए और मुरली की तन पर मगन सभी गोकुलवासी गोवर्धन पर्वत के नीचे झूमते रहे। भागवत कथा के दौरान माखन चोरी की आकर्षक झांकी प्रस्तुत की गई।कथा का वाचन प्रतिदिन रात्रि 8:00 बजे से 11:00 तक किया जा रहा है। कथा सुनने के लिए सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु कथा स्थल पर पहुंच रहे हैं। कथा आयोजक ग्राम पंचायत भुतहा छावड़ी ने समस्त श्रद्धालुओं से कथा का श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## श्रमदान महादान के तहत की जल स्रोत की साफ सफाई



**जुन्नारदेव।** जल गंगा संवर्धन के अंतर्गत दिनांक 5 5 2025 जुन्नारदेव ग्राम पंचायत डूंगरिया मोक्ष धाम के नदी का स्वच्छता एवं शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आवाहन पर जिला छिंदवाड़ा कलेक्टर श्री शैलेंद्र सिंह जी के निर्देशानुसार जनपद पंचायत जुन्नारदेव मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रश्मि चौहान के तत्वाधान में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत डूंगरिया मोक्ष धाम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वय ब्लॉक समन्वय संजय बामणी जी के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था स्वयं सामाजिक कल्याण एवं विकास समिति खापा स्वामी द्वारा मोक्ष धाम में स्वच्छता एवं शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित स्वयं सामाजिक कल्याण एवं विकास समिति नवम को संस्था के अध्यक्ष श्रीमती अर्चना महोरे सोनम तमांग संगीता यदुवंशी रूपल सूर्यवंशी प्रसफूटन समिति के अध्यक्ष सचिव एवं सदस्य उपस्थित थे।

## संस्कारों के बीजारोपण हेतु शिक्षण शिविर आवश्यक - बा. ब्र. सुमतप्रकाश जैन

**छिंदवाड़ा।** आज के व्यस्तम समय में बच्चों सहित युवाओं में संस्कारों का बीजारोपण करके उन्हें धर्म मार्ग में लगा कर इस जन्म के साथ आगामी जन्मों में सुखी होने का मार्ग बताना हो तो समाज को संस्कार शिविरों का आयोजन करना चाहिए।उक्त मार्मिक एवं हृदय स्पर्शी बात वीतराग भवन में श्री मुमुक्षु दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन द्वारा आयोजित धर्म सभा में कहीं जैन दर्शन के प्रकांड विद्वान बाल ब्रह्मचारी पंडित सुमत प्रकाश जी जैन खनियाधाना वालों ने।फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन ने बताया कि अपने दो दिवसीय प्रवास पर छिंदवाड़ा आए ब्रह्मचारी सुमत प्रकाश जी जैन ने सकल जैन समाज से ग्रीष्मकाल में विद्यार्थियों के नैतिक शिक्षा, धार्मिक संस्कारों के साथ मोक्ष मार्ग के सच्चे स्वरूप का बीजारोपण हेतु संस्कार शिविरों को लगाने की बात कहीं।इस अवसर पर ढाई द्वीप इंदौर से पधारे डॉक्टर प्रवीण जैन ने स्वाध्याय भवन में आयोजित प्रवचनों की श्रृंखला में मनुष्य जन्म की सार्थकता ज्ञान अभ्यास में ही है पर विशेष व्याख्यान दिया ओर युवा पीढ़ी को आगे आने की बात कहीं।

## कैरियर हायर सेकेण्डरी स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा

**वारासिवनी।** स्थानीय कैरियर हायर सेकेण्डरी स्कूल का माध्यमिक शिक्षा मंडल म0 प्र0 भोपाल द्वारा संचालित कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। हाई स्कूल परीक्षा में जिन छात्र-छात्राओं ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं नगर को गौरवान्वित



किये हैं, उनमें कु0 सौम्या धुवारे 95 प्रतिशत, हर्षल भोयर 94 प्रतिशत, कु0 अंजली गोपाले 91.4 प्रतिशत, कु0 श्रेया राहंगडाले 90 प्रतिशत, कु0 भूमिका सोनकुसरे 88.8 प्रतिशत, कु0 अदिती बनकर 80.6 प्रतिशत, कु0 मानसी हेड़ाऊ 85.2 प्रतिशत, कु0 जानवी हेड़ाऊ 84.4 प्रतिशत, कु0 प्रियांशी विठाले 82.2 प्रतिशत, कु0 श्रुति गौतम 81.2 प्रतिशत, कु0 वैशाली पथिक 81 प्रतिशत, प्रवीण धुवारे 79.8 प्रतिशत, कु0 भारती हनवते 71.8 प्रतिशत, कु0 ईशिका सोनकुसरे 80.6 प्रतिशत, कु0 अदिती बनकर 80.6 प्रतिशत, कु0 नैनशी बारेकर 79.4 प्रतिशत, कु0 आरजू भगत 83.4 प्रतिशत, सूजल बिजेवार 76.8 प्रतिशत सम्मिलित है।

## जमीनी विवाद के चलते भाई-बहन से हुई मारपीट

### दोनों को जिला अस्पताल बालाघाट किया गया रेफर, आरोपियों में मामला दर्ज



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

शासकीय भूमि पर हो रहे निर्माण कार्य को लेकर चले आ रहे जमीनी विवाद ने अब मारपीट का स्वरूप ले लिया है. जमीनी विवाद के चलते पड़ोस में ही रहने वाले एक परिवार ने दूसरे परिवार के साथ लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की है. जमीनी विवाद और मारपीट की यह पूरी घटना कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम समतपुरी की है. जहां बुधवार की सुबह करीब 09 बजे लक्की चौधरी, भूमेश्वरी चौधरी, उमेश चौधरी और अंजना चौधरी के साथ पड़ोस के ही मुकेश चौधरी और परिवार के अन्य सदस्यों ने मिलकर जमकर मारपीट की है. मारपीट की इस पूरी घटना में लक्की चौधरी के सिर पर गहरी चोट है जिसे 04 टांके लगे है. वहीं भूमेश्वरी के गले की हड्डी सरक गई. भूमेश्वरी का आगामी 18 मई को विवाह होना है. पीड़ित परिवार ने कटंगी थाना पहुंचकर मारपीट की शिकायत दर्ज करवाई है. वहीं घायलों को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल बालाघाट रेफर कर दिया गया है।

बता दें कि मुकेश चौधरी और अंजना चौधरी के परिवार के बीच शासकीय भूमि में हो रहे निर्माण को लेकर विवाद चल रहा है. मुकेश चौधरी शासकीय भूमि पर काम्प्लेक्स का निर्माण कर रहा है जिससे अंजना चौधरी के आवागमन का रास्ता अवरुद्ध हो रहा है. अंजना चौधरी ने बकायदा इसकी शिकायत तहसील कार्यालय कटंगी में की है. प्रकरण की सुनवाई नायब तहसीलदार न्यायालय में हो रही है. इस बीच बिना फैसले के मुकेश चौधरी ने कथित तौर पर पंचायत के संरक्षण में निर्माण शुरू कर दिया. जिसका अंजना और उसके परिवार के लोगों ने विरोध किया तो मुकेश और उसके पूरे परिवार ने अंजना और उसके परिवार की जमकर पिटाई कर दी. बताया जाता है कि इस मामले को लेकर पंचायत स्तर पर भी बैठक हुई है।

## कुएं में गिरने से 36 वर्षीय युवक की मौत

**कटंगी।** कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम बासी में एक 36 वर्षीय युवक की कुएं में लाश मिलने से पूरे गांव में सनसनी फैल गई. बुधवार की सुबह करीब 05 से 06 बजे के बीच कुएं में शव को तैरता हुआ देखा गया. मृतक प्रदीप पिता पन्नालाल बिसेन निवासी बासी है. मृतक के चचेरे भाई श्याम सुंदर बिसेन ने बताया कि प्रदीप रात्रि में खेत में फसलों की सिंचाई के लिए मोटर पंप चालू करने के लिए गया था. आज सुबह कुएं में उसकी लाश दिखाई दी. उन्होंने यह अनुमान लगाया है कि पैर फिसलने से कुएं में गिरने की वजह से शायद मौत हो गई. परिजनों की सूचना मिलने पर कटंगी पुलिस ने सुबह करीब 06 बजे घटनास्थल पर पहुंचकर शव को बरामद किया और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का पीएम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया. इस घटना की जानकारी मिलने पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती केसर बिसेन शव विच्छेदन गृह पहुंची जहां उन्होंने परिजनों से घटना के संबंध में चर्चा की और पूरी घटना पर दुःख जताया।

## 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में टॉपर छात्राओं को किया गया सम्मानित




हरिभूमि न्यूज उकवा।

माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश शासन द्वारा घोषित दसवीं एवं बारहवीं कक्षा का परिणाम घोषित किए जाने पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उकवा में विद्यालय की टॉपर छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह के माध्यम से आयोजन कर सम्मान किया गया। जिसमें सर्वप्रथम विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सुनीता बोरकर द्वारा समस्त टॉपर छात्राओं का फूल माला पहनाकर सम्मान किया गया। इसके पश्चात समस्त अतिथि श्री जेम्स बारिक सर्वधर्म सेवा समिति अध्यक्ष श्री संजय राणा श्रीमती सुनीता बोरकर प्राचार्य पत्रकार आनंद गोदरे अशोक राउत संतोष साकुरे एवं खूबलाल यादव पालक आदि का विद्यालीन स्टाफ श्री मदनलाल गेडाम शिक्षक हरीश बंसोड़ प्रेम सिंह ठाकरे श्रीमती पी राणा द्वारा पुष्प माला से स्वागत किया गया। इसके पश्चात कार्यक्रम में देवदत्त चौधरी एवं जेम्स बारिक ने अपने विचार छात्राओं से साझा किया विद्यालय प्राचार्य ने उपस्थित छात्राओं एवं अतिथियों के समक्ष विद्यालय की 10वीं एवं 12वीं कक्षा की प्रगति का ब्योरा देते हुए बताया कि पिछले दो वर्षो से दसवीं कक्षा का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा है। कक्षा 12 वी मे गणित संकाय विषय से कुमारी शीतल पिता इंद्रजीत हरिनखेड़े 94% कुमारी नम्रता पिता संजय राणा 92% रितिका पटेल 87.4% आशी हनवत 83.6% पलक रावत 88% सोनाली गुप्ता 85.6% एवं शिप्रा गुप्ता 80.8% इसी तरह वाणीज्य कॉमर्स से प्रज्ञा पिता विवेकानंद तिवारी 87.4% लवली चौधरी 82.6% जीव विज्ञान से लवली चौधरी 82.6% नमिता शरणागत 80% गौतमी पटले 80% इसी तरह कक्षा दसवीं में कुल 66 छात्रों में 56 छात्रा प्रथम श्रेणी एवं 10 द्वितीय श्रेणी जिनमे कुमारी रत्न पिता दुलीचंद पटले 95% आकांक्षा पिता राम शंकर पंचतिलक 94% माही पिता राजेंद्र धारकर 93% खुशी पिता अशोक नागेश्वर 92.5% भक्ति पिता मुरली तलवरे 92% सारा पिता खूबलाल यादव 92% एवं नीति पिता संतोष रावत 91% अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय माता-पिता एवं गांव का नाम रोशन किया।

## ऑपरेशन सिंदूर भारत की प्रचंड शक्ति और शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि

### समाजसेविका मीना बिलगौर ने पहलगाम हमले पर दिया बयान

हरिभूमि न्यूज लांजी।



मई की देर रात भारत द्वारा पहलगाम हमले के विरोध में पाकिस्तान पर किये गये ऑपरेशन सिंदूर पर समाजसेवी मीना बिलगौर ने कहा की ऑपरेशन सिंदूर भारत की सैन्य ताकत का प्रदर्शन है और पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों को सच्ची श्रद्धांजलि है। इस ऑपरेशन में भारत ने पाकिस्तान में आतंकवादियों के ठिकानों पर हवाई हमले किए। सिंदूर शब्द का प्रयोग शहीदों के परिवारों को सम्मान देने और उनके दुख को साझा करने के लिए किया गया है, क्योंकि सिंदूर महिलाओं के सुहाग का प्रतीक है, जो हमले में खो गए हैं। ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में शुरू किया गया था, जिसमें 26 लोगों की जान गई थी। इस ऑपरेशन में भारत ने पाकिस्तान में आतंकवादियों के ठिकानों पर हवाई हमले किएए जिसमें 9 आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाया गया। उन्होने पहलगाम हमले पर बोलते हुए कहा की ये सिर्फ एक हमला नहींए एक भ्रष्टाचार और निर्लज आतंकवाद का प्रदर्शन था जिस्मे 26 निर्दोष लोगों की शहादत हुई। हर आंसू एक प्रतीक है कि ये कोई भी अब बर्दाश्त नहीं होगा। पहलगाम के शहीद लोग एक बलिदान की मिसाल है, जिन्हे भारत कभी भूल नहीं सकता। उन्होने कहा ये करारा जवाब है जो हर शत्रु को एक चेतावनी दे रहा है। भारत सिर्फ सहन नहीं करेगा, जवाब देगा। ये मोदी जी के नये भारत की ताकत है, जो बदला नहीं, न्याय लेने की नीति पर चलता है। उन्होने कहा पहलगाम के 26 शहीद वीर हमारे दिलों में हमेशा रहेंगे। ये हमारी शक्ति और संकल्प का प्रतीक हैं। हम उनके लिए सिर्फ आंसू नहीं बहाएंगेए हम उनके बलिदान का प्रतिशोध भी लेंगे। ये रक्त रंजीत अध्याय है जो भारत अपनी विजय की गाथा से लिखेगा। भारत की सेना सिर्फ रणभूमि में नहीं, हर भारतीय के रक्त की एक-एक बूंद में लड़ती है। ये वो बल है जो अपना हित चाहने वाले हर शत्रु का विनाश करेगा।

भूख हड़ताल का तीसरा दिन, जांच दल ने अब तक नहीं सौंपी रिपोर्ट

## लगातार 6 दिनों से जारी है नेवरवाही में पंच की हड़ताल



हरिभूमि न्यूज लांजी।

जिले की लांजी जनपद की ग्राम पंचायत नेवरवाही के वार्ड नंबर पांच की पंच हसीना अशोक वाहने तीन सूत्रीय मांग को लेकर 29 अप्रेल से सार्वजनिक सभा मंच पर हड़ताल पर बैठी हैं। उनकी यह हड़ताल लगातार 6 दिनों से जारी है। इधर पंच के आंदोलन को संज्ञान में लेते हुए जनपद सीईओ ने पंच की मांग अनुरूप विभिन्न मामलों की जांच करने जांच दल गठित किया था जिसकी जांच दल में लांजी जनपद के सहायक यंत्री तारेन्द्र परते, अति कार्य अधिकारी मनरेगा मुकेश खांडेकर, बीसी प्रमग्राआ योजना राजू हरीन्द्रवार और उपयंत्री विजय बंजारी को शामिल है। जिन्हें तीन दिवस के अंदर जांच पूर्ण कर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। परंतु तीन दिवस बीत जाने के बाद भी अधिकारियों द्वारा जांच प्रतिवेदन नहीं सौंपा गया है। वहीं चर्चा के दौरान श्रीमती हसीना वाहने ने ग्राम सरपंच, रोजगार सहायक पर मामला पंजीबद्ध करने की मांग की है। वहीं इस दौरान उनके स्वास्थ्य में गिरावट देखी जा रही है परंतु हड़ताली महिला के स्वास्थ्य जांच के लिये भी स्वास्थ्य विभाग से कोई अधिकारी-कर्मचारी नहीं पहुंचा है।

**यह है मांगे:** बता दें कि पंच हसीना वाहने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल बैठीं हैं। इनमें प्रमुख रूप से पंचायत में आने वाले ग्राम सर्रा के सोन नदी पर बने पुल में दोनों और लगभग एक किमी की सडक़ पूरी तरह से जर्जर हो गई है। यहां आवागमन में ग्रामीणों को परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा हैए जिसे तत्काल सुधार कराया जाए। सरपंच झामेंद्र टिकेश्वर की ओर से वर्ष 2021-2022 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपना आवास स्वीकृत कराया गया था, लेकिन उक्त आवास आज तक नहीं पाए गए। आवास की पूर्ण राशि सरपंच ने आहरण कर ली है, जिसकी सूक्ष्मता से जांच कराई जाए। ग्राम पंचायत टेकरी के वर्तमान सचिव महेंद्र बागड़े को पुनः ग्राम पंचायत नेवरवाही में पदस्थ कराए। ताकि ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं का उचित लाभ मिल सके। सरपंच की ओर से रोजगार सहायक के साथ मिलकर सचिव महेंद्र बागड़े के विरुद्ध लगातार झूठी शिकायत कर उन्हें पंचायत से अन्यंत्र पंचायत स्थानांतरित किया गया है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। पंच ने बताया कि नेवरवाही के तहत लगभग आधा दर्जन ग्रामों में शासकीय स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन काफी जर्जर हो गए हैं। वर्षा के समय में छात्रों से पानी टपकने की वजह से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। इन भवनों की छतों को वर्षा के पूर्व मरम्मत करवाएं आदि मांगों को लेकर वे आंदोलन कर रही हैं।

## शासकीय टिहलीबाई विद्यालय में कक्षा 10 वीं में कुशल पचौरी व 12 वीं में वैष्णवी हरिनखेड़े ने पाया प्रथम स्थान



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

सी एम राईज टिहलीबाई शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय वारासिवनी का हाई स्कूल का परीक्षाफल 88.30 प्रतिशत व हायर सेकेन्डरी स्कूल का परीक्षाफल 80.80 प्रतिशत रहा। विद्यालय की हाईस्कूल परीक्षा कक्षा 10 वीं में 266 विद्यार्थियों में से 265 परीक्षार्थी प्रविष्ठ हुए थे, जिनमें से प्रथम श्रेणी में 206 व द्वितीय श्रेणी में 28 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। विद्यालय में प्रथम स्थान कुशल रोहित पचौरी ने 96.4 प्रतिशत, द्वितीय स्थान हेमा देवेन्द्र उईके 95.8 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान समीक्षा हुमेन्द्र रहांगडाले ने 95.6 प्रतिशत ने पाया।

इसी प्रकार हायर सेकेन्डरी बोर्ड परीक्षा कक्षा 12 वीं में विद्यालय के सभी संकायों में कुल दर्ज 276 परीक्षार्थियों में सभी 276 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। जिनमें प्रथम श्रेणी में 155 व द्वितीय श्रेणी में 68 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के सभी संकायों में प्रथम स्थान जीव विज्ञान संकाय से वैष्णवी हाउसलाल हरिनखेड़े ने 93.4 प्रतिशत, द्वितीय स्थान गणित संकाय से जतिन परदेशीराम सोनकुसरे 92.4 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान जीव विज्ञान संकाय से कुमारी साक्षी राजेश नागेश्वर 89.2 प्रतिशत रहे।

**खबर संक्षेप**

## सड़क हादसे मे एक घायल

हरिभूमि न्यूज सिवनी। घंसौर थाना क्षेत्र में दड़ाई सरकार के पास सुबह 8 बजे एक सड़क हादसा हुआ। घंसौर से जबलपुर जा रहे 40 वर्षीय राजेश विश्वकर्मा की बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में राजेश घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस और 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। घायल को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया। घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। दुर्घटना स्थल पर आमतौर पर लोगों और वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। घटना के समय वहां कोई नहीं था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस लगातार लोगों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील कर रही है। इसके बावजूद लोग लापरवाही बरत रहे हैं और हादसों का शिकार हो रहे हैं।

# गर्मी में दम तोड़ रहे सीसीटीएनएस के कंप्यूटर

## एक दर्जन से अधिक है कंप्यूटर, एक भी नहीं है ए.सी.

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

गर्मी के इस मौसम में जहां आमजन हलकान है, बढ़ते तापमान से पंखे, कूलर की हवा भी काम नहीं कर पा रही है वहीं पुलिस विभाग के क्राइम क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्किंग एंड सिस्टम (सीसीटीएनएस) में रखें एक दो नहीं बल्कि लगभग 13 कंप्यूटर गर्म कमरों में खराब हो रहे हैं। महंगे उपकरणों में सुरक्षित जानकारियां भी गर्मी की भेंट चढ़ रही है। गर्मी की वजह से कंप्यूटर के गर्म होने से उसमें रखी जानकारियां, सूचनाओं आदि कंप्यूटर के हैंग होने से डाटा सुरक्षित नहीं रह पा रहा है।



एक दर्जन से अधिक हैं कंप्यूटर – आर आई ऑफिस के समीप सीसीटीएनएस का कार्यालय है। इस कार्यालय के एक बड़े हॉलनुमा कमरे में लगभग 13 कंप्यूटर हैं। इन कंप्यूटर को गर्मी से बचाने के लिए यहां एकमात्र वाटर कूलर ही लगा है। जिससे किसी तरह से हॉल को ठंडा रखा जाता है लेकिन बड़े हाल में एक कूलर की ठंडी हवा भी नाकाफी साबित हो रही है।

पहले होती थी ट्रेनिंग – क्राइम क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्किंग एंड सिस्टम (सीसीटीएनएस) हॉल में अधिक संख्या में कंप्यूटर इसलिए रखे गए थे जिससे यहां पुलिस को कंप्यूटर के माध्यम से ट्रेनिंग दी जा सके। पुलिस कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र में एक-एक कंप्यूटर से पुलिसकर्मी व पुलिस अधिकारियों को दक्ष कंप्यूटर ऑपरेटर के माध्यम से ट्रेनिंग दी जाती थी जो वर्तमान में बंद कर दी गई है।

### अफसर ए.सी. में, सिस्टम ऐसी विहीन

ऐसा नहीं की पुलिस विभाग में ए.सी. नहीं लगे हैं, पुलिस अधीक्षक कक्ष के एक कमरे में दो ए.सी. लगे हैं। इसके साथ ही अन्य अधिकारियों के कक्ष में ए.सी. लगे हैं वहीं सीसीटीएनएस के बड़े हॉलनुमा कक्ष में वर्तमान में एक भी ए.सी. नहीं लगाया गया है। सीसीटीएनएस कार्यालय में पांच कर्मी कार्यरत हैं जो यहां कंप्यूटर में कार्य करते हैं। इसके साथ ही यहां एक फोटो कॉपी मशीन भी है। वही कंप्यूटर के अन्य उपकरण भी बड़ी मात्रा में यहां रखे गए हैं। कंप्यूटर की लॉन्ग लाइफ के लिए उन्हें कार्य के दौरान ठंडा रखा जाना आवश्यक होता है। इसीलिए कंप्यूटर को वातानुकूलित कक्ष में रखा जाता है लेकिन यहां वर्षों से एक भी ए.सी. नहीं लगा है।

### इनका कहना है

सीसीटीएनएस कक्ष में ए.सी. नहीं लगे होने की जानकारी आज ही लगी है, वहां के प्रभारी को शीघ्र ही ए.सी. लगाने के पत्राचार की कार्यवाही के लिए निर्देश दिए गए हैं।
**सुनील मेहता, पुलिस अधीक्षक सिवनी।**

# आईटीआई में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सिवनी एवं जिले की समस्त आईटीआई में प्रवेश हेतु आवेदक अपना रजिस्ट्रेशन 01 मई 2025 से ऑनलाइन पोर्टल dsd.mp.gov.in पर किसी भी ऑनलाइन सहायता केंद्र/स्वयं के द्वारा अथवा किसी भी नजदीकी शासकीय आईटीआई के हेल्पडेस्क के माध्यम से करा सकेंगे। रजिस्ट्रेशन उपरांत इच्छित संस्था व व्यवसाय का चयन 10 मई 2025 से किया जा सकेगा।

उन्होंने बताया कि शासकीय आईटीआई सिवनी में संचालित व्यवसाय कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (NCVT), इलेक्ट्रीशियन (NCVT), डेस्कटॉप पब्लिसिंग ऑपरेटर (NCVT), इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक (NCVT), मैकेनिक डीजल (NCVT), फिटर (NCVT), स्टेनो हिंदी (NCVT), मशीनिष्ट (SCVT), कारपेंटर (NCVT), मैकेनिक मोटर व्हीकल (NCVT), वेल्डर (NCVT), टर्नर (SCVT) एवं ड्राफ्टसमेन सिविल (NCVT) इंजीनियरिंग एवं नॉन इंजीनियरिंग क्षेत्र के व्यवसायों में प्रशिक्षण प्राप्त कर आप अपना रोजगार एवं स्वरोजगार स्थापित कर भविष्य उज्जवल बना सकते हैं। संस्था में प्रवेश हेतु न्यूनतम आयु 14 वर्ष है। शैक्षणिक योग्यता सभी व्यवसाय हेतु दसवी उत्तीर्ण (मान्यता प्राप्त बोर्ड से) व्यवसाय वुडवर्क टेकनीशियन (कारपेंटर) एवं व्यवसाय वेल्डर आठवीं उत्तीर्ण (मान्यता प्राप्त बोर्ड से) उत्तीर्ण हो। अधिक जानकारी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सिवनी में कार्यालयीन दिवस में संपर्क कर प्राप्त की जा सकेगी।

# स्मार्ट पब्लिक हाई स्कूल के कक्षा दसवीं के प्रत्येक बच्चे 1 डिविजन से पास हुए



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

स्मार्ट पब्लिक हाई स्कूल सिवनी के कक्षा दसवीं के प्रत्येक बच्चे 1 डिविजन से पास हुए जिसमें स्नेहा सराठे ने 89/ से बोर्ड परीक्षा को उत्तीर्ण कर शाला और परिवार दोनों का नाम रोशन किया शाला परिवार की ओर से इन बच्चों को शिक्षा देने वाले प्रत्येक शिक्षक को जिन्होंने मेहनत कर इन बच्चों को इस मुकाम में पहुंचाने में अपना योगदान दिया आप सभी शिक्षक भी बधाई के पात्र हैं स्मार्ट पब्लिक हाई स्कूल सिवनी आप सभी बच्चों को इस तरह उतरोतर उन्नति के लिए आप सभी बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं व बधाइयां देता है। स्नेहा सराठे 89/ सभी सब्जेक्ट में डिकटेंशन संचिता गौतम 79/ चार सब्जेक्ट में डिकटेंशन आशी बधेल 64/ दो सब्जेक्ट में डिकटेंशन कार्तिक रजक 64/ एक सब्जेक्ट में डिकटेंशन अनुराग बधेल 61/ एक सब्जेक्ट में डिक्टेंशन।

### भूमिका ने बढ़ाया श्रीवात्री परिवार गौरव



सिवनी- नगर केवलारी के प्रतिष्ठित नागरिक डिस्क आपरेटर हीरालाल श्रीवात्री एवं अतिथि शिक्षक लता श्रीवात्री की पुत्री रामानुजन कान्वेंट स्कूल केवलारी छात्रा भूमिका श्रीवात्री ने माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश से कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में 96 पतिशत अंक पाकर अपनी शाला सहित पूरे परिवार व नगर को गौरवान्वित करते हुए अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने परिवार जन एवं शाला परिवार को दिया है। भूमिका अपनी आगे की पढ़ाई बायोलॉजी साइंस से करते हुए डाक्टर बनाने का सपना संजोए रखी है। भूमिका इस उपलब्धि पर सभी स्नेहीजनों ने बधाई देते हुए भूमिका श्रीवात्री के उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की है।

### मध्यप्रदेश टेन टाप सूची दसवीं बोर्ड परीक्षा मे रेशमा गौतम ओर पीयुष ठाकुर आठवें पायदान पर



केवलारी- विकास खंड केवलारी- के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल जेबनारा की छात्रा रेशमा गौतम ओर शासकीय बालक हायर सेकंडरी स्कूल खैरा पलारी के छात्र पीयूष ठाकुर ने बर्ष 2024 मध्यप्रदेश हाईस्कूल परीक्षा 10+2मे प्रदेश 493अंक 98.60 प्रतिशत अर्जित कर टेन टाप सुची मे आठवां स्थान प्राप्त किया है।मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा जारी प्रदेश की दसवे पायदान सूची मे आठवां स्थान प्राप्त कर अपने अपने स्कुलो का नाम रौशन किया है।शासकीय हाई स्कूल जेवनारा से मध्यप्रदेश की मेरिट सूची में आठवां स्थान एवं जिले की मेरिट सूची में दूसरा स्थान प्राप्त कर छात्रा कुमारी रेशमा गौतम पिता महेश गौतम ने स्कूल का नाम गौरांवित किया है। केशव प्रसाद ठाकरे प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल जेबनारा ने बताया कि स्कूल का दसवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम 91 प्रतिशत रहा जिसमे सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का सराहनीय कर्तव्य पथ है।शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खेरा पलारी मे पदस्थ प्राचार्य श्रीमति जयंती मरावी ने बताया कि संस्था का छात्र पीयूष ठाकुर का परीक्षा परिणाम स्कूल के शिक्षको एवं बालक के सफलतम प्रयास का प्रमाण है।

# सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर पदों में भर्ती के लिए पंजीयन शिविर का आयोजन 12 मई से

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिला परियोजना प्रबंधक म.प्र. डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सिवनी द्वारा बताया गया कि एसआईएस इंडिया सिंगरौली द्वारा सुरक्षा जवान/सुरक्षा सुपरवाइजर के पदों पर जिले में विकासखंड स्तर पर भर्ती पंजीयन शिविर का आयोजन किया जाना है। जिसमें विकासखंड कुरई में सोमवार 12 मई को जनपद पंचायत में, विकासखंड छपारा में मंगलवार 13 मई को जनपद पंचायत में, विकासखंड घनौरा में बुधवार 14 मई को जनपद पंचायत में, विकासखंड लखनादौन में गुरूवार 15 मई जनपद पंचायत में, विकासखंड घंसौर में शनिवार 17 मई को जनपद पंचायत में, विकासखंड केवलारी में सोमवार 19 मई को जनपद पंचायत में एवं विकासखंड बरघाट में मंगलवार 20 मई को जनपद पंचायत में तथा विकासखंड सिवनी में बुधवार 21 मई को जनपद पंचायत में शिविर का आयोजन किया जायेगा। आयोजित शिविर में 100 पदों पर भर्ती प्रक्रिया के लिए शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 10वीं, आयु 19 से 40 वर्ष, ऊंचाई 167.5 से.मी. से कम न हों। शेष शर्ते भर्ती अधिकारी एवं कम्पनी के मापदण्ड अनुसार लागू होंगे।

# उद्योगों के विस्तार एवं कार्य पद्धति में सुधार के लिए कार्यशाला संपन्न





हरिभूमि न्यूज सिवनी।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग अंतर्गत मध्य प्रदेश की नोडल एजेंसी लघु उद्योग निगम द्वारा सिवनी में 6 अप्रैल 2025 को कलेक्टर सभाकक्ष में लघु उद्योग भारती के सहयोग से उद्योगों के विस्तार एवं कार्य पद्धति में सुधार के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र के महाप्रबंधक श्री अशीष नोएल द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय स्तर पर उद्योगों की कार्यप्रणाली में सुधार एवं विस्तार के लिए RAMP नाम से कार्यशाला का आयोजन संपूर्ण भारतवर्ष में किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत मध्य प्रदेश के सिवनी जिले में LEAN मैनेजमेंट, ZED सर्टिफिकेशन एवं IPR जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञ श्री. आदित्य शर्मा जी द्वारा जानकारी प्रदान की गई व लघु उद्योग भारती के पदाधिकारी श्री. संतोष गुप्ता जी द्वारा लघु उद्योग भारती के कार्य का विवरण दिया गया व लघु उद्योग भारती द्वारा प्रदेश व देश ने किया जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई।

एमएसएमई पॉलिसी मास्टर ट्रेनर आर.एस. उइके क्यालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया के ZED (जीरो डिफेक्ट एवं जीरो इफेक्ट) ट्रेनर प्रफुल्ल द्विवेदी जी, म. प्र. लघु उद्योग निगम के ई वाय कंसल्टेंट शेख मुसताक एवं इस कार्यशाला में सिवनी कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन तथा चेम्बर आफ कामर्स के अध्यक्ष संजय मालू तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के प्रबंधक मोहन सोमकुवर एवं सहायक प्रबंधक सुश्री शैफाली अग्रवाल तथा कार्यालय समस्त कर्मचारी भी उपस्थित रहे। उक्त कार्यशाला में बताया कि विकसित भारत में एमएसएमई की महत्वपूर्ण भूमिका है एवं इस भूमिका को पूरा करने के लिए उद्योगों को अपना विस्तार एवं उसकी कार्य प्रणाली में सुधार करने की आवश्यकता है जिससे कि यह अपनी कार्य क्षमता एवं उत्पाद की गुणवत्ता को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मापदंड पर पहुँचा सकते हैं।

# जिला का हाईस्कूल का 83.75 प्रतिशत एवं हायरसेकेण्डरी का 76.14 प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा जारी हाईस्कूल, हायरसेकण्डरी परीक्षा परिणामों में सिवनी जिले का हायरसेकेण्डरी परीक्षा परिणाम 76.14 प्रतिशत रहा है। हायर सेकेण्डरी में दर्ज 11876 बच्चों में से 5646 प्रथम श्रेणी में, 3349 द्वितीय श्रेणी में तथा 33 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुयें हैं। मंडल द्वारा जारी प्रदेश स्तरीय टॉप 10 सूची में जिले के दो विद्यार्थी क्रमशः कुमारी श्रुति सोनी ने गणित समूह में 97 प्रतिशत के साथ सांतवा एवं ओंम प्रकाश राजपूत ने 96.60 प्रतिशत अंक के साथ नौवां स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह मंडल द्वारा जारी जिला स्तरीय टॉप-3 सूची में कला संकाय से कुमारी कुमकुम सेन ने 92.40 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम एवं कुमारी शोऐबा खान ने 91.80 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह गणित संकाय में कुमारी हिमांशी चौहान ने 96 प्रतिशन अंक के साथ प्रथम एवं कुमारी आयुषी ताम्रकार ने 95.20 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय एवं मोनिका बघेल तथा उज्जवल साहू ने 94.40 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह वाणिज्य संकाय में कुमारी आस्था चौरसिया ने 92.20 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम एवं स्नेहा साहू ने 91.60 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। कृषि संकाय में आकाश श्रीहर ने 94.60 प्रतिशत अंक एवं गृह विज्ञान संकाय में कुमारी श्रृद्धा सनोडिया ने 89.40 प्रतिशता अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

इसी तरह हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में जिले का परीक्षा परिणाम 83.75 प्रतिशत रहा है। हाईस्कूल में दर्ज 14473 विद्यार्थियों में से 7444 प्रथम श्रेणी, 4523 द्वितीय श्रेणी में एवं 109 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुये हैं। मंडल द्वारा जारी प्रदेश स्तरीय टॉप-10 सूची में जिले के 06 छात्रों ने स्थान प्राप्त किया है। जिसमें 98.80 प्रतिशत अंक के साथ कुमारी निधि गौतम ने सातावां, 98.60 प्रतिशत अंक के साथ कुमारी रेश्मा गौतम, पीयूष ठाकुर, कुमारी जयश्री गजभिये ने आठवां स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह 98.20 प्रतिशत अंक के साथ कुमारी मीनाक्षी विश्वकर्मा एवं तनुश्री पटेल ने 10 वां स्थान प्राप्त किया है।

मंडल द्वारा जारी जिला स्तरीय टॉप-3 सूची में 98 प्रतिशत अंक के साथ कुमारी संजना रजक ने प्रथम, 97.80 प्रतिशत अंक के साथ कुमारी माहीबिसेन, कुमारी काजल साहू एवं कुमारी पलक राजपूत ने क्रमशः द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह 97.60 प्रतिशत अंक के साथ कुमारी बेबी बेलवंशी, कुमारी श्रृष्टी कटरे, कुमारी मानसी साहू एवं यशराज बघेल ने क्रमशः तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों तथा जिले के शिक्षकों को शुभकामानाऐं प्रेषित की हैं। उन्होंने ऐसे विद्यार्थी जो परीक्षा परिणामों में अनुत्तीर्ण हो गए हैं या अपेक्षा अनुरूप कम अंक प्राप्त किये हैं उन्हें हताश न होने और भविष्य में उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों के लिए प्रयास जारी रखने की अपील की है।

# "गिफ्ट अ डेस्क" मुहिम के दिखने लगे सार्थक परिणाम

**निर्धारित लिंक में पंजीयन कर "गिफ्ट अ डेस्क" अभियान से जुड़ सकते हैं सभी**

## बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं अधिकारी कर्मचारी स्कूलों को दान कर रहे डेस्क

हरिभूमि न्यूज सिवनी।जिला प्रशासन की ‘गिफ्ट अ डेस्क’ मुहिम में जिले के जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन, गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी सक्रिय भागीदारी निभाकर शासकीय विद्यालयों के सुविधाओं के उन्नयन का जिम्मा ले रहे हैं। जिला प्रशासन के आव्हान पर बड़ी संख्या में नागरिकगण शासकीय स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों के लिए डेस्क गिफ्ट कर बच्चों की शिक्षा को सुगम बनाने का पुनीत कार्य कर रहे हैं।

‘गिफ्ट अ डेस्क’ मुहिम में सहभागिता कर अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत ने प्राथमिक शाला सरगापुर में अध्ययनरत बच्चों के लिए 10 डेस्क गिफ्ट की है। इसी तरह विकासखंड कार्यालय कुरई के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा प्राथमिक शाला गंडाटोला में स्कूली छात्र-छात्राओं को 11 डेस्क गिफ्ट किया गया है। इस पुनीत कार्य में गणमान्य नागरिक भी पीछे नहीं हैं। दानदाता श्री राजेश पाठक द्वारा प्राथमिक शाला बाकल में 16 डेस्क एवं प्राथमिक शाला दुरेंदा में 15 डेस्क उपलब्ध कराई गई है। श्री सतीश अग्रवाल द्वारा भरूटोला में 11 डेस्क उपलब्ध कराई गई है।

उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा जिले के 1367 प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छोटे बच्चों के लिए अनुमानित 20347 डेस्क दानदाताओं से उपलब्ध कराने की "गिफ्ट अ डेस्क" मुहिम चलाई जा रही है। कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की जिले के फर्नीचर निर्माताओं के साथ हुई बैठक में फर्नीचर निर्माताओं द्वारा 2200 रूपयें के लागत मूल्य पर ही विद्यालयों में आवश्यकतानुसार गुणवत्तायुक्त फर्नीचर उपलब्ध कराने की सहमति दी गई है।



जिला प्रशासन द्वारा जनप्रतिनिधियों, व्यापारी संघ, सामाजिक संगठनों और गणमान्य नागरिकों से अभियान में शामिल होकर स्वेच्छा से अपनी इच्छानुसार स्कूलों में डेस्क उपलब्ध कराने की अपील की गई है। गिफ्ट अ डेस्क अभियान से जुड़ने के लिए नागरिकगण **https://sites.google.com/view/gift-desk/home** पर अपना पंजीयन करा सकते हैं तथा पंजीयन उपरांत जिला स्तरीय कॉल सेंटर से संपर्क किये जाने पर जानकारी उपलब्ध करा सकते हैं। उक्त लिंक पर स्कूलों, आवश्यक डेस्क की जानकारी के साथ ही फर्नीचर निर्माताओं की सूची भी उपलब्ध है।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पांडिया छपारा का रहा उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम







**संवाददाता पांडिया छपारा छाया/दीपक मेश्राम।** विगत दिनांक 6/ 5 /2025 को माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा सत्र 2024–25 की कक्षा दसवीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा दोनों कक्षाओं का उत्कृष्ट परिणाम दिया गया संस्था के प्रभारी प्राचार्य श्री पी.एन. भवदिया के अनुसार कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 82.2% तथा 12वीं का परीक्षा परिणाम 87.7 प्रतिशत रहा। जिसमें कक्षा दसवीं की छात्राएं कुमारी ऐश्वर्या नागफासे/भीवराम नागफासे जो ग्राम पंचायत नसीपुर के पूर्व सरपंच श्रीमान रमेश देशमुख जी की नातन है। छात्रा ने 477 अंकों के साथ 95.4% अंक प्राप्त किया। क्रमशः कुमारी राशि चक्रवर्ती /कोमल चक्रवर्ती 94.8 प्रतिशत एवं दुर्गा पंचेश्वर /राजेंद्र पंचेश्वर ग्राम बागडोंगरी ने 91.02 प्रतिशत अंक अर्जित किया। श्री भवदिया जी ने पूर्व वर्षों की तुलना में इस वर्ष के अच्छे परीक्षाफल का श्रेय संस्था के समस्त स्टाफ के विशिष्ट सहयोग और लक्ष्य निर्धारित कर कर्तव्य निष्ठा से अपने आपको कर्तव्य पर समर्पित करने को दिया। साथ ही प्रभारी प्राचार्य द्वारा समस्त मेधावी विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए समस्त स्टाफ को इस विशेष सफलता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित किया गया और आगामी वर्षों में और अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए कार्य करने की बात कही।

# जिला स्तरीय छानबीन समिति की बैठक 14 मई को

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि श्रीमति स्मिता श्रीवास्तव विरूद्ध म.प्र.शासन एवं अन्य की समप्रकृति के प्रकरणों में माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा विभिन्न दिनांक को पारित निर्णय के आधार पर याचिकाकर्ता द्वारा जिला शिक्षा केन्द्र में दस्तावेज जमा किए गए है, संबंधित औप.अनुदेशकों के मूल प्रमाणपत्र से परीक्षण किए जाने हेतु जिला स्तरीय छानबीन समिति बैठक दिनांक 14/5/25 को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। संबंधित औप.अनुदेशक अपने मूल प्रमाण के साथ (नियुक्ति आदेश, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, जन्मतिथि प्रमाणीकरण अंकसूची, डिजिटल जाति एवं आय प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र एवं पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण की अंकसूची) दिनांक 14/05/2025 को दोपहर 11 बजे कार्यालय जिला पंचायत सभाकक्ष में उपस्थित होना सुनिश्चित करें, ताकि दस्तावेजों का परीक्षण किया जा सकें।

### पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री श्री प्रहलाद पटेल आज छपारा में

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम विभाग मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल प्राप्त अधिकृत दौरा कार्यक्रम अनुसार गुरूवार 08 मई 2025 को शाम 06 बजे छपारा पहुंचकर रामघाट में आयोजित श्री दादा गुरू की शोभायात्रा तथा मॉ बेनगंगा की महाआरती में सम्मिलित होंगे। मंत्री श्री पटेल शाम 07.30 बजे छपारा से जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# आज शुक्रवारी में आयोजित होगा देशभक्ति गीतों से सजा गीत संगीत म्युजिकल नाईट कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

नगर के छिंदवाड़ा रोड स्थित सिध्दू हॉस्पिटल पहला वर्ष पूर्ण करने जा रहा है। इस अवसर पर एक समारोह आयोजित किया जा रहा है। सिध्दू हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. जी.एस. सिध्दू ने जानकारी देते हुए बताया कि सिध्दू हॉस्पिटल की प्रथम वर्षगांठ उपलक्ष में आपके लिए गांधी चौक, शुक्रवारी में दिनांक 08/05/2025 दिन गुरुवार समय शाम 5:00 बजे से म्युजिकल नाईट देशभक्ती गीत संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें लोकप्रिय गायिका स्वस्तिका ठाकुर (विजेता स्वर्ण स्व भारत), गोल्डी हुमने लोकप्रिय गायक (इंडियन आइडल फेम वॉइस ऑफ एसपी बालसुब्रमण्यम) अपनी प्रस्तुति देंगे। इस कार्यक्रम के आयोजक म्यूजिकल ड्रीम्स इवेंट पिंकी उपाध्याय के साथ आशीष पाठक,हनी गुप्ता, ममता सत्यार्थी तथा अभिषेक बेदी मंच साझा करेंगे। सिध्दू हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. जी.एस. सिध्दू ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ संबंधीत सवाल आपके द्वारा पूछे जाएंगे जिनके जवाब हमारे उपस्थित डॉ. मोहनदास गाडबैल (होम्यपेथी तज्ञ), डॉ. जीतेंद्र जेसवानी (क्रीटीकल केयर तज्ञ), डॉ. रुपेश अग्रवाल (ह्रदय रोग तज्ञ), डॉ. रितेश नवखरे (न्युरो तथा स्पाईन तज्ञ), डॉ. शौनक तायवाडे (ऑर्थोपेडीक एवं जॉइंट रिप्लेस्मेंट तज्ञ) की प्रमुख उपस्थिति में दिए जाएंगे।सिध्दू हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. जी.एस. सिध्दू ने निवेदन किया है कि हम आपके साथ इस खास दिन को मनाने के लिए उत्सुक हैं। कृपया अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस यादगार पल का हिस्सा बनकर हमें कृतार्थ करें। अधिक जानकारी के लिए,उनके (डॉ. जी. एस. सिध्दू) के मोबाइल न. 8878461971 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# शासकीय आई. टी. आई. नवीन सत्र 2025-26 हेतु ऑनलाईन पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मई एवं च्वाईस फिलिंग 10 से 31 मई 2025 तक

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान केवलारी ने जानकारी देकर बताया कि मध्यप्रदेश कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के अंतर्गत शासकीय आई. टी. आई. नवीन सत्र 2025-26 हेतु ऑनलाईन पंजीयन www.dsd.mp.gov.in पर प्रारंभ हो चुकी है। जिसकी अंतिम तिथि 31.05.2025 तक है। च्वाईस फिलिंग 10 मई 2025 से 31 मई 2025 तक की जावेगी।

उन्होंने बताया कि शासकीय आईटीआई केवलारी में एनसीव्हीटी पाठ्यक्रम आधारित 02 वर्षीय ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, फिटर एवं एक वर्षीय ट्रेड-वेल्डर, कोपा, सुईंग टेक्नॉलॉजी, मैकेनिक डीजल संचालित है।

अधिक जानकारी के लिये शासकीय आईटीआई के प्राधिक्रत अधिकारी मों.नं. 9424661979, 7999657134, 9340997040 पर संपर्क कर सकते हैं।

# आदिवासी नेताओं ने पीड़िताओं को एक करोड़ रुपए की आर्थिक मदद व सुरक्षा की मांग की निकाली रैली, भाजपा सरकार की चुप्पी पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में हट्टा थाना क्षेत्र की चार आदिवासी बालिकाओं के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में न्याय की मांग को लेकर आदिवासी समाज द्वारा रैली निकाल कर प्रदर्शन किया।

रैली में बैहर से आदिवासी विधायक संजय उईके, डिंडौरी विधायक ओमकार मरकाम, विधायक मधु भगत और अनुभा मुंजारे के साथ ही आदिवासी संगठनों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में आदिवासी समाज मौजूद था।

रैली में समाज के लोगों ने पीड़िताओं को एक करोड़ रुपए की आर्थिक मदद और सुरक्षा की मांग की। साथ ही सरकार और भाजपा के मामले में मौन रहने नाराजगी जताई गई।





विधायक ओंमकार मरकाम ने कहा कि आदिवासी चार बालिकाओं से सामूहिक दुष्कर्म जैसे संवेदनशील मामले में सरकार का रवैया, असंवेदनशील है। यह आदिवासी समाज का अपमान है। मामले में संवेदनशीलता के साथ काम नहीं किया है। सरकार के दबाव में सत्तापक्ष के लोग सामाजिक लोगों को समझाने का प्रयास कर रहे है। सरकार की असंवेदनशीलता हमारे लिए आपत्तिजनक है। जो गंभीर विषय है।

आदिवासी विकास परिषद के जिलाध्यक्ष दिनेश धुर्वे ने कहा कि घटना के साथ ही मुख्यमंत्री का इस मामले में कोई वक्तव्य नहीं देना, निंदनीय है। यदि वे कोई वक्तव्य देते तो लगता कि मुख्यमंत्री आदिवासी समाज के प्रति संवेदनशीलता रखते है।

रैली आंबेडकर चौक से हनुमान चौक, मेन रोड और काली पुतली चौक होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। आदिवासी विकास परिषद के जिलाध्यक्ष शुभम धुर्वे के अनुसार, कलेक्ट्रेट में 14 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।

## कलेक्टर मीना में तहसीलदारों, सीईओ और सीएमओ पर की कार्यवाही

### *लोक सेवा गारंटी में समय पर सेवा नही देने पर, 7 पदाभिहित अधिकारियों पर लगाया जुर्माना*

**बालाघाट।** मप्र लोक सेवा गारंटी अधिनियम-2010 के अंतर्गत अधिसूचित सेवाओं को सेवा और देना अनिवार्य है। अधिनियम के तहत सेवाओं के लिए पदाभिहित अधिकारियों को नियुक्त भी किया गया है। नियुक्त पदाभिहित अधिकारियों द्वारा समय पर सेवा प्रदाय नही करने पर कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 7 पदाभिहित अधिकारियों की राशि अधिरोपित किये जाने के आदेश जारी किए है। इन 7 अधिकारियों से कुल 20500 रुपये शास्ति किये जायेंगे। ज्ञात हो कि अधिनियम के तहत प्रति आवेदन पर प्रति दिवस 250 रुपये विलंब जुर्माना किया जाता है। लांजी तहसीलदार श्री हिम्मत सिंह भवेदी इनके द्वारा 9 आवेदनों पर समय पर सेवा प्रदाय नही की गई है। इन आवेदनों में 9 दिन से 3 माह तक देरी हुई है। इन पर 5000 हजार रुपये का अधिनियम के तहत जुर्माना लगाया गया है। जबकि बालाघाट नपा सीएमओ श्री बीडी कतरोलिया पर एक आवेदन पर एक दिन लंबित समय सीमा में सेवा प्रदाय नही करने पर 250 रुपये,बिरसा तहसीलदार श्री राजूलाल नामदेव पर एक आवेदक को समय पर सेवा नही देने पर 12 दिनों का विलंब होने पर प्रतिदिन 250 रुपये के हिसाब से 3000 रुपये जुर्माना लगाया गया है। इसी तरह लालबर्रा तहसीलदार श्री कन्हैय्यालाल टेकाम पर 3000 रुपये, लामता तहसीलदार श्री दशवंता लाल मरावी पर 4000 हजार,लालबर्रा सीईओ श्री चंदर सिंह मंडलोई पर 250 रुपये और बिरसा जनपद सीईओ श्री डीके करपे पर 9 शिकायतो के लंवित होने पर 5000 हजार रुपये की शास्ति करने के आदेश जारी किए है।

## लोक सेवा केंद्र निर्धारित मापदंडों पर संचालित नहीं तो होगी कार्यवाही

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने बुधवार को जिले के लोक सेवा केंद्रों की समीक्षा की। इस समीक्षा में 9 लोक सेवा केंद्रों पर 11 जुलाई 2024 से 6 मई 25 तक प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। साथ ही जो सेवाएं समय पर नही दी गई उनके सम्बंध पृथक से डेटा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि जिन पदाभिहित अधिकारियों द्वारा समय पर सेवाएं उपलब्ध नही करा पा रहें है उन पर फेनल्टी लगाई जा रही है। अगर नियमानुसार केंद्र नही पाये जाते है तो संचालको पर भी कार्यवाही की जाएगी। बालाघाट में सबसे अधिक आवेदन प्राप्त हो रहे है। इसके अलावा वारासिवनी, किरनापुर, लालबर्रा और परसवाड़ा में भी अच्छी संख्या में आवेदन प्राप्त हो रहे है। इसमें सबसे अधिक आवेदन सामान्य प्रशासन, श्रम, स्वास्थ्य, नगरीय निकाय आदि विभागों की सेवा प्राप्त करने के लिए आ रहे है।

## कटंगी एवं खैरलांजी तहसील के छात्रावास में छात्रों से की चर्चा

# डिप्टी कलेक्टर ने रात्रि कालीन भ्रमण में छात्रावासों की वर्तमान स्थिति का लिया जायजा

### अधीक्षक की अनुपस्थिति पर शोकॉज नोटिस के दिये निर्देश



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** इन दिनों जिले में स्थित अनुसूचित जनजातीय छात्रावासों की वर्तमान स्थिति, छात्रावासों में छात्रों का रहन सहन एवं छात्रों के खान पान को लेकर डिप्टी कलेक्टर व प्रभारी जनजातीय सहायक आयुक्त श्री राहुल नायक द्वारा जायजा लिया जा रहा है। सोमवार को डिप्टी कलेक्टर श्री नायक द्वारा रात्रिकाल में तहसील कटंगी एवं खैरलांजी के कुल 03 छात्रावासों (आदिवासी महाविद्यालयीन बालक छात्रावास कटंगी, आदिवासी महाविद्यालयीन बालक छात्रावास खैरलांजी एवं अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास खैरलांजी) का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान छात्रावास में पायी गई अनियमितता के संबंध में अद्योहस्ताक्षरकर्ता द्वारा छात्रावास में निवासरत छात्रों से समक्ष में चर्चा की गई। इस दौरान छात्रों द्वारा छात्रावास में हो रही कतिपय समस्या से अवगत कराया गया। समस्याओं पर चर्चा कर डिप्टी कलेक्टर श्री नायक ने शीघ्र समस्या के निवारण के निर्देश दिए। साथ ही छात्रावास अधीक्षक के छात्रावास में उपस्थित नहीं रहने, रात्रि विश्राम न करने एवं छात्रावास में साफ-सफाई का ध्यान नहीं रखने के फलस्वरूप कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिये गये। वहीं आदिवासी महाविद्यालयीन बालक छात्रावास खैरलांजी के निरीक्षण में छात्रावास में ताला बंद रहने एवं संबंधित अधीक्षक के उपस्थित नहीं रहने के संबंध में, अधीक्षक को कारण, कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिये गये। डिप्टी कलेक्टर व जनजातीय सहायक आयुक्त श्री नायक ने छात्रावास में निवासरत छात्रों को गुणवत्ता युक्त, पौष्टिक भोजन एवं छात्रावास में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये गये है।

# कलेक्टर द्वारा की गई कृषि विभाग की समीक्षा



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** 07 मई को कलेक्टिर बालाघाट मृणाल मीना द्वारा कलेक्ट्रेरट सभाकक्ष में समय 10.30 बजे कृषि विभाग की समीक्षा की गयी। सर्वप्रथम रबी एवं ग्रीष्मकालीन फसलों के क्षेत्राच्छा दन की जानकारी ली गयी। उप संचालक कृषि द्वारा रबी 2024-25 फसलवार क्षेत्राच्छादन की जानकारी दी गयी कि रबी में प्राप्त लक्ष्य के विरूद्ध 2.79 लाख हेक्टे यर की पूर्ति कर ली गई है। खरीफ वर्ष 2025 फसलवार क्षेत्राच्छादन प्रस्ताावित लक्ष्य 309.90 हेक्टेयर रखा गया है। कलेक्टर बालाघाट द्वारा खरीफ बीज भंडराण,उपलब्धाता एवं वितरण के साथ खरीफ उर्वरक भंडारण एवं वितरण पर चर्चा की गई उपसंचालक कृषि बालाघाट द्वारा बताया गया कि जिले में प्रर्याप्तए मात्रा में उर्वरक उपलब्धक है। कृषकों को उर्वरकों के अग्रिम उठाव हेतु कहा गया है। इसके साथ ही DAP उर्वरक की मांग कर दी गयी है कि जानकारी दी गई। कलेक्टर द्वारा चिन्नौर चावल की मार्केटिंग में कार्य करने की निर्देश दिये गये, जिले में विक्रय करने हेतु दुकान लगाई जाये। कलेक्टर द्वारा बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक निरीक्षकों को एलर्ट रहने के निर्देश दिये गये है। साथ ही नरवाई जलाने वालों पर एफ.आई.आर की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। शासन द्वारा संचालित कृषि यंत्र पैडी ट्रांसप्लां टर,सुपर सीडर, बेलर मशीन,ड्रीप, स्प्रिंकलर सेट एवं स्वानईल हेल्थृ कार्ड, में दिये गये लक्ष्यर समय पर पूर्ति करने के निर्देश दिये गये। उप संचालक कृषि द्वारा अवगत कराया गया कि कोदो, कुटकी, रागी एवं मक्कान की क्षेत्र विस्तानर करने तथा चिन्नौ्र चवाल की मार्केटिंग को बढावा देने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक निरीक्षकों को कृषि आदान विक्रय स्थोलों का नियमित निरीक्षण कर नमूना लेने हेतु निर्देशित किया गया है इसके साथ ही कालाबाजारी करने वालों पर एफ.आई.आर. की कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये। नरवाई जलाने वालों पर जिले में 2 एफ.आई.आर दर्ज की गई एवं अर्थदण्डु वसूली संबंधी कार्यवाही की विस्तापरपूर्वक जानकारी बतायी गयी। निर्देशानुसार बेलर मशीन एवं सुपर सीडर मिशन का उपयोग कृषकों को बताते हुए ज्यादा से ज्यीादा कृषकों को योजना से लाभांवित करने एवं प्रत्येक विकासखंड को बेलर मशीन के 15-15 एवं सुपर सीडर 20-20 लक्ष्यव प्रदाय करने के निर्देश दिये गये। बैठक में कलेक्टर मृणाल मीना, राजेश कुमार खोबरागडे उप संचालक कृषि, सुश्री अर्चना डोंगरे परियोजना संचालक,आत्माा, डॉ. घनश्याम देशमुख अधिष्ठा्ता, कृषि महाविद्यालय वारासिवनी, डॉ. अतुल श्रीवास्तव कृषि वैज्ञानिक, डॉ. एस.आर.धुवारे वैज्ञानिक सहा.प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र बड़गांव, क्षितिज करहाडे सहायक संचालक उघान विनय धुर्वे सहायक संचालक कृषि, खुदीराम सनोडिया अनुविभागीय कृषि अधिकारी-लांजी, मनोज पटले सहायक उप निरीक्षक एवं विकासखण्डं-बालाघाट, लांजी, किरनापुर, बैहर, बिरसा एवं परसवाडा के समस्तक वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, कृषि विकास अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, बी.टी.एम./ए.टी.एम आत्मा एवं कृषि विभाग से संबंधित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# शहंशाह ए भरवेली पीर बाबा के उर्स मुबारक पर निकाला गया शाही संदल

## लंगर ए आम और अजीमो शान कव्वाली सहित विभिन्न कार्यक्रमों के हुए आयोजन

### बुधवार सुबह कुल शरीफ की फातिया के साथ उर्स का किया गया समापन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जिला मुख्यालय से लगभग 5 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत भरवेली में प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी शहंशाह ए भरवेली हजरत सैय्यद पीर बाबा चिश्ती र. ह. अलैह के सालाना उर्स मुबारक पर रोजाना ही विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए। जिसकी शुरुआत 5 मई को दरगाह शरीफ में ग़ुस्ल शरीफ, कुरान खानी और मिलाद शरीफ के साथ की गई थी।बाबा के इस 44वे सालाना उर्स मुबारक पर उस कमेटी की जानिब से 3 दिवसीय विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए।जिसके तहत 6 मई मंगलवार की देर शाम उर्स मुबारक के मौके पर मगरिब की नमाज के बाद खादिम के घर से बाबा के आस्ताने के लिए शाही संदल निकाला गया।उर्स मुबारक पर निकाले गए इस शाही संदल में भरवेली, बालाघाट, नागपुर सहित अन्य जगहों से बाबा के चाहने वाले अकीदत मंद काफी तादाद में शामिल हुए।इस शाही संदल में आखड़े को भी शामिल किया गया। जिसमे युवाओं द्वारा लट्ठ घुमने का करतब दिखया गया।देर शाम उर्स मुबारक के अवसर पर निकाला गया यहां शाही संदल भरवेली से हीरापुर, इमली टेकरा कॉलोनी, से सिवनी कैंप परिसर का गस्त करते हुए बाजार चौक से सीधे दरबार शरीफ पहुँचा। जहां बाबा के आस्ताने में इस उर्स और संदल में उपस्थित अकीदतमन्दों द्वारा फूल चादर पेश कर देश में अमनो आमान की दुआएं की गई। तो वही रात को लंगर ए आम का आयोजन किया गया।जिसके उपरांत दरगाह परिसर में रात्रि में ईशा की नमाज के बाद शमा महफिल का आयोजन किया गया। जिसमें अजमेरी ग्रुप से कव्वाल जनाब राजिक खान अजमेरी ने एक से बढ़कर एक कलाम पेश किए।वही इसके अगले दिन बुधवार 7 मई को कुल शरीफ की फातिहा के बाद 3 दिवसीय उर्स मुबारक का समापन किया गया।

# शास. उच्च. माध्य. विद्यालय गर्रा के हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी का परीक्षा परिणाम रहा 100 प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





माध्यमिक शिक्षा मंडल म. प्र. द्वारा दिनांक 06 मई 2025 को घोषित कक्षा 10 वीं एवं कक्षा 12 वीं बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम के अनुसार प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शास. उच्च. माध्य. विद्यालय गर्रा लालबर्रा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। संस्था के श्री एमन्त ठाकरे (उ.मा. शिक्षक) ने बताया कि कक्षा 10 वीं में कुल दर्ज 60 में से 59 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए जिसमें प्रथम श्रेणी में-49, द्वितीय श्रेणी मे -10 , तृतीय श्रेणी मे -00, स्वाध्यायी परीक्षार्थी सहित कुल 59 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए तथा 0 परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण हुए । इस प्रकार कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम 100% रहा ।कक्षा दसवीं में कु. मिताली चौहान पिता परमलाल चौहान ने 94.8% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, कुमारी मीनाक्षी भलावी ने 88.4% प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार कु. अंजलि तेलासे ने 88% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया इसी प्रकार कक्षा 12 वीं में कुल दर्ज 48 में से 47 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए जिसमे नियमित विद्यार्थी 40 मे से 40 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए । कुल 48 में से प्रथम श्रेणी में - 31 , द्वितीय श्रेणी में 15 , तृतीय श्रेणी में- 01, एवं अनुत्तीर्ण -01 स्वाध्यायी परीक्षार्थी सहित कुल 47 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए तथा 01 परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण रहा । इस प्रकार हायर सेकेंडरी परीक्षा का परिणाम नियमित परीक्षार्थी के अनुसार 100% रहा।कक्षा 12वी मे कु. माही चौहान पिता परमलाल चौहान (बायो) ने 89.2% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, आयुष शरणागत (गणित) ने 84.6 % अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं कु. प्रांशी कावरे(बायो) ने 78.2% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।इस अवसर पर संस्था प्राचार्य श्रीमती विद्या रामटेके ने माध्य. शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त किया तथा परीक्षा व इससे संबंधित कार्यों का सुचारू रुप से संचालन करने पर तथा उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए विद्यालय परिवार के समस्त कक्षा शिक्षकों व शिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित कर परीक्षार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की ।

# नैन्सी लिल्हारे ने 12 वी मे 93 अंक प्राप्त कर किसान की बेटी ने रच दिया इतिहास

### *यशस्वी देशमुख ने दसवीं में 97ः2% अंक लाकर किया टॉप मेहनत और संघर्ष के मिसाल बनी दो किसान परिवार की बेटियां*

हरिभूमि न्यूज

लालबर्रा।





लालबर्रा मुख्यालय से 13 किलोमीटर दूर स्थित शासकीय उच्च माध्यमिक. विद्यालय जाम मे राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा 12 वी व 10वी बोर्ड परीक्षा परिणाम में शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जाम ने शानदार प्रदर्शन किया जंहा विद्यालय के सभी - विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर विद्यालय और अभिभावको को गौरवान्वित किया है 12 वीं कक्षा के परिणाम में कु० नैन्सी लिल्हारे प्रथम स्थान प्राप्त कर टॉपर बनी कक्षा 12वीं में नैन्सी उमाशंकर लिल्हारे ने 93-/0 अंक प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया है इसी प्रकार यशस्वी देशमुख मैं कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान प्राप्त कर टॉपर रही यशस्वी नितेंद्र देशमुख ने 97.2% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कियाप्राप्त किया पुरे विद्यालय का परीक्षा परिणाम शंतप्रतिशत रहा है जिसमे विद्यार्थियों एवम् शिक्षकों में हर्ष का माहोल है। इसमें शाला के शिक्षक शिक्षिकाओं का -विशेष योगदान रहा है।

# महर्षि महेश योगी द्वारा प्रतिपादित चेतना पर आधारित शिक्षा के देशव्यापी प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ






हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट में 7 मई 2025 से नौ दिवसीय " महर्षि चेतना पर आधारित शिक्षा" पद्धति एवं इन हाउस टीचर्स ट्रेनिंग के देशव्यापी प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रारम्भ हुआ।आयोजन का शुभारंभ महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट के प्राचार्य सतीश कुमार चौरसिया द्वारा दीप प्रज्वलन एवं गुरु पूजा के साथ किया गया I इस अवसर पर उन्होंने समूह के अध्यक्ष ब्रह्मचारी डॉ गिरीश चंद्र वर्मा के संदेश को आगे बढ़ाते हुए कहा कि ₹महर्षि चेतना पर आधारित शिक्षा एक ऐसी शिक्षा प्रणाली है जो मानव चेतना को शिक्षा के केंद्र में रखकर ज्ञान और विकास को बढ़ावा देती है। यह भावातीत ध्यान और टी.एम- सिद्धि कार्यक्रम के नियमित अभ्यास से चेतना के विकास पर जोर देती है Iइसका मुख्य उद्देश्य यह है कि छात्रों की रचनात्मक क्षमता को विकसित कर तथा उन्हें तनाव और चिंता मुक्त वातावरण प्रदान कर उनकी समग्र जागरूकता को बढ़ाकर शिक्षा के क्षेत्र और दैनिक जीवन में सफलता प्रदान करना।₹चेतना पर आधारित शिक्षा के अंतर्गत-भावातीत ध्यान के नियमित अभ्यास को हम अपनी शिक्षा पद्धति में सम्मिलित करके छात्रों की चेतना को जागृत कर सकते हैं I श्री चौरसिया ने बताया कि इस प्रशिक्षण के दौरान महर्षि महेश योगीजी के द्वारा स्थापित महर्षि चेतना पर आधारित शिक्षा के प्रथम पाठ्यक्रम का अध्ययन संस्था के शिक्षकों को दिया जा रहा है जो कि 7 मई से 13 मई तक रहेगा इस प्रशिक्षण का संचालन वेन्यू डायरेक्टर श्री चौरसिया के कुशल नेतृत्व में संस्था के वरिष्ठ शिक्षक श्री नीरज तिवारी द्वारा किया जा रहा है तथा 14 और 15 मई को इन हाउस टीचर्स ट्रेनिंग सीबीएसई के मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दी जाएगी । प्रशिक्षण कार्यक्रम में संस्था के भावातीत ध्यान शिक्षक मनोज ज्योतिषी और श्रीमती सुनीता तिवारी द्वारा भावातीत ध्यान के विषय में विस्तार से बताया गया तथा सभी के द्वारा सामूहिक भावातीत ध्यान का अभ्यास किया गया।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में संस्था के 40 शिक्षको को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# विद्या भारती सरस्वती शिशु मंदिर/हाईस्कूल किरनापुर ने प्रदेश में लहराया परचम







हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा कक्षा दसवीं सत्र 2024-25 में विद्या भारती सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल किरनापुर के छात्र संदीप सिंह लिल्हारें ने 491अंक प्राप्त कर प्रदेश की प्रवीण्य सूची में दसवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय ही नहीं अपितु पूरे जिले का नाम रोशन किया । विद्यालय का परीक्षा परिणाम 92.2 प्रतिशत रहा जिनमें 90 प्रतिशत से ऊपर 11 छात्रों ने बाजी मारी और 80 प्रतिशत से ऊपर 16 छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया जो इस प्रकार हैसंदिप सिंह लिल्हारे - 98.2लियाना मर्सकोले - 97.6प्राची भोंगाडे - 96.8, श्वेता खोटेले - 94.4 प्रगति भण्डार - 94अथर्व बोरकर - 94आरोही तिवारी - 92.2, आंचल पालेवार - 92मुदित तिवारी -91.6दिपांशी पांडे - 91, प्रियांशी सिरसागंज - 90.6, सपना बागडे - 90.2मेघा धारणे - 89.6मोहिनी गेडाम - 89.4, यश पटले - 88.4शूभम सूर्यवंशी - 86.2साक्षी नेवारे - 85.4, आदित्य भूते - 85नंदिनी नेरकर - 84.8 प्राची बागडे - 84.4, गरिमा सोनी - 84नैतिक मराठे - 83अभिजीत सिंह तोमर - 82.4, सिया जमाने - 82मयंक मातरे - 81.6साहिल बूते 81.6, रिषभ गौतम - 80.6, मयूर देशमुख - 80, इस गौरवपूर्ण सफलता पर विद्यालय के अध्यक्ष,व्यवस्थापक ,समस्त समिति सदस्य एवं विद्यालय के प्राचार्य , सभीआचार्य, आचार्याओ ने इन सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# सबके प्रयास से ही जल गंगा संवर्धन अभियान की सफलता सिद्ध होगी

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान की क्रियात्मकता निरंतर जारी है। बुधवार को भुतहा तालाब बैहर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर परिषद बैहर व जन अभियान परिषद के छात्रो नवांकुर मेंटर व नगर पंचायत के कर्मचारियों के संयुक्त तत्वाधान में तालाब में श्रमदान कर साफ सफाई की गई। बताया गया कि तालाब में बडी मात्रा में बेसरम के पेड़ों के कारण तालाब का अस्तित्व ही ढक चुका है।

**कार्या. ग्राम पंचायत हटटा, जप बालाघाट**

//आम सूचना// नीलामी 13/05/2025

आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की स्थावर सम्पति हाई स्कूल चौक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स कुल कमरों की संख्या 09 नीलामी 13/05/2025 दिन : मंगलवार को समय प्रातः 10.30 बजे से ग्राम पंचायत कार्यालय हटटा में निर्धारित शर्तों के आधार पर किया जावेगा। नीलामी की शर्तें कार्यालीन समय में देखी जा सकती है। ठेके लेने वाले इच्छुक नीलामी समय पर उपस्थित होकर एवं निर्धारित अमानत राषि 11.30 जमा कर बोली बोल सकते है। किन्ही कारणवष नीलामी स्थगित होने पर आगामी तिथि की सूचना ग्राम पंचायत भवन के सूचना पटल पर चस्पा कर / मुनादी कर की जावेगी।

आवश्यक शर्तें :-1. नीलामी बोली लगाने के पूर्व प्रक्षित कीमत की दस प्रतिषत राषि जमा करनी होगी। बोली में स्थानीय बोलीकर्ता को प्राथमिकता दी जावेगी।, 2. बोलीकर्ता द्वारा बोली पूर्व जमा की गयी अमानत राषि बोली समाप्ति के पष्चात तक बोलीकर्ता को वापस नही की जावेगी।, 3. नीलामी उपरांत सर्वाधिक बोलीकर्ता को पूर्ण राषि निर्धारित किष्तों में जमा करना अनिवार्य होगा ।, 4. बोलीकर्ता को पंचायत द्वारा निर्धारित प्रारूप में आवेदन, बोली लगाने के पूर्व फोटो परिचय पत्र एवं पता हेतू राशनकार्ड की, आधार कार्ड, वोटर आई डी. की स्व प्रमाणित छायाप्रति मोबाईल नंबर जमा करना अनिवार्य होगा ।

टीपः- शर्तें पंचायत कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है ।

राजेन्द्र पिछोडे, सचिव ग्रा. पं. हटटा | वीरेन्द्र बिसेन, उपसरपंच ग्रा. पं. हटटा | उमेश सोनेकर, सरपंच ग्रा. पं. हटटा